29. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले से होकर कर्क रेखा गुजरती है?

(a) गंगानगर (b) बाँसवाड़ा

(c) कोटा (d) झालावाड़

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

30. राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा है-

(a) 5620 किमी (b) 5920किमी

(c) 5000 किमी (d) 6000 किमी

Complier Exam Date-21.08.2016

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (b) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े राज्य राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा 5920 किमी. है। जिसमें से 4850 किमी. अन्तर्राज्यीय तथा 1070 किमी. अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है। इसकी अन्तर्राज्यीय सीमा 5 राज्यों उ0प्र0, म0प्र0, गुजरात, पंजाब व हरियाणा तथा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान से लगती है।

31. कितने राज्यों की सीमाएँ राजस्थान से लगती है?

(a) 6 (b) 4

(c) 5 (d) 3

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (c) राजस्थान राज्य की सीमा पाँच राज्यों से लगती है। साथ ही साथ एक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान (1070 किमी.) से लगती है। सबसे लम्बी सीमा मध्य प्रदेश से (1600 किमी.) लगती है-

गुजरात	-	1022 किमी.
हरियाणा	-	1262 किमी.
मध्य प्रदेश	-	1600 किमी.
उत्तर प्रदेश	-	877 किमी.
पंजाब	-	89 किमी.

32. निम्नलिखित जोड़ों में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

(a) सज्जनगढ़-उदयपुर

(b) रणथम्भौर-सवाईमाधोपुर

(c) सरीस्का-अलवर

(d) रामसागर-कोटा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (d) सही सुमेलन इस प्रकार है-

स्थल		जनपद
सज्जनगढ़ वन्य जीव अभ्यारण	–	उदयपुर (राजस्थान)
रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान	–	सवाईमाधोपुर (राजस्थान)
सरिस्का बाघ अभ्यारण	–	अलवर (राजस्थान)
रामसागर वन्य जीव अभ्यारण	–	धौलपुर (राजस्थान)

33. निम्नलिखित में से राजस्थान के किन जिलों की सीमा रेखा गुजरात से मिलती है?

(1) उदयपुर (2) बाँसवाड़ा

(3) डूंगरपुर (4) प्रतापगढ़

नीचे दिये गये कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

(a) (1), (2), (3),तथा (4) (b) (1), (2), तथा (3)

(c) (1), (2) तथा (4) (d) (2), (3) तथा (4)

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (b) राजस्थान के गुजरात से लगने वाले जिले क्रमशः जालौर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, बाड़मेर है, जबकि प्रतापगढ़ की सीमा मध्य प्रदेश से लगती है। प्रतापगढ़ राजस्थान का नवीनतम जिला है।

34. वृहत्तर राजस्थान का उद्घाटन किसने किया?

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) सरदार वल्लभभाई पटेल

(c) बाबू राजेन्द्र प्रसाद (d) वी.पी. मेनन

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (b) बृहत्तर राजस्थान का उद्घाटन सरदार पटेल ने (30 मार्च, 1949) किया। इसमें जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, लावा और जैसलमेर रियासतें शामिल थे।

35. निम्न को सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

सूची-I	सूची-II
(1) चिंकारा	(i) जांटी
(2) गोड़ावन	(ii) राष्ट्रीय पक्षी
(3) खेजड़ी	(iii) राज्य पक्षी
(4) मोर	(vi) राज्य पशु

	(1)	(2)	(3)	(4)
(a)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(b)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(c)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(d)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (a) सूची-I और सूची-II का सुमेल निम्नलिखित है-

सूची-I	सूची-II
1. चिंकारा	(ii) राज्य पशु
2. गोड़ावन	(i) राज्य पक्षी
3. खेजड़ी	(iv) जांटी
4. मोर	(iii) राष्ट्रीय पक्षी

गोड़ावन पक्षी जिसे ''ग्रेट इंडियन बस्टर्ड'' भी कहा जाता है को 1981 ई. में राजस्थान का राज्य पक्षी घोषित किया गया था।

36. उदयपुर राज्य का पुरातन नाम था-

(a) जांगल देश (b) कुरुक्षेत्र

(c) शिवी (d) योद्धेय

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) उदयपुर को झीलों का शहर तथा वेनिस ऑफ द ईस्ट कहा जाता है। उदयपुर का प्रचीन नाम शिवि था। इस शहर की स्थापना 1553 ई. में महारजा उदयसिंह द्वितीय ने की थी जिसे मेवाड़ राज्य की राजधानी घोषित किया गया।

37. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है?

	क्षेत्र	जिला
(a)	बागेर	बूँदी
(b)	वागड	बाँसवाड़ा
(c)	भाकर	सीकर
(d)	गिरवा	डूँगरपुर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019